# जून में औद्योगिक उत्पादन 4.2 फीसद बढ़ा

## मासिक आधार पर औद्योगिक उत्पादन पिछले पांच महीनों में सबसे कम रहा

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।

**सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों को मापने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक इस साल जून में 4.2 फीसद की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह चार फीसद रहा था।**

देश का औद्योगिक उत्पादन (आइआइपी) जून, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से पांच माह के निचले स्तर 4.2 फीसद पर आ गया। हालांकि, बिजली और खनन क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन जारी है।

सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों को मापने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक इस साल जून में 4.2 फीसद की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह चार फीसद रहा था। हालांकि, मासिक आधार पर आइआइपी का प्रदर्शन पिछले पांच महीनों में सबसे कम रहा है। इस साल मई में यह 6.2 फीसद, अप्रैल में पांच फीसद, मार्च में 5.5 फीसद और फरवरी में 5.6 फीसद बढ़ा था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में आइआइपी वृद्धि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4.7 फीसद के मुकाबले 5.2 फीसद रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि खनन उत्पादन की वृद्धि जून में बढ़कर 10.3 फीसद हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 7.6 फीसद की वृद्धि हुई थी। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन में अहम स्थान रखने वाले विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में घटकर 2.6 फीसद रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 3.5 फीसद की वृद्धि हुई थी।

आलोच्य महीने में बिजली उत्पादन में 8.6 फीसद की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी महीने में इस क्षेत्र की वृद्धि 4.2 फीसद रही थी।

उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि जून, 2024 में घटकर 2.4 फीसद रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 2.9 फीसद की वृद्धि हुई थी।

# अडाणी समूह की 10 में से आठ कंपनियों के शेयरों में गिरावट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

**कारोबार के दौरान एक समय अडाणी एनर्जी साल्यूशंस का शेयर 17 फीसद, अडाणी टोटल गैस का 13.39 फीसद, एनडीटीवी का 11 फीसद और अडाणी पावर का 10.94 फीसद लुढ़क गया था।**

हिंडनबर्ग की नई रपट आने के बीच अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से आठ कंपनियों के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। इस गिरावट के बीच समूह की कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 22,064 करोड़ रुपए घट गया। समूह की कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 17 लाख करोड़ रुपए है।

अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने शनिवार को जारी एक रपट में अडाणी समूह के साथ बाजार नियामक सेबी की प्रमुख माधवी पुरी बुच पर भी कई आरोप लगाए हैं। इस रपट के असर में शुरुआती कारोबार में समूह की कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे, लेकिन कुछ समय बाद काफी हद तक गिरावट कम हो गई। बीएसई पर कारोबार के अंत में अडाणी विल्मर का शेयर 4.14 फीसद, अडाणी टोटल गैस का 3.88 फीसद, अडाणी एनर्जी साल्यूशंस का 3.70 फीसद, एनडीटीवी का 3.08 फीसद, अडाणी पोर्ट्स का 2.02 फीसद, अडाणी एंटरप्राइजेज का 1.09 फीसद, एसीसी का 0.97 फीसद और अडाणी पावर का 0.65 फीसद गिरा। हालांकि, समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स का शेयर 0.55 फीसद और अडाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 0.22 फीसद चढ़कर बंद हुआ।

### हाई कोर्ट से पूजा खेडकर को राहत, कहा

# वो व्यवस्था में शामिल नहीं जो छेड़छाड़ कर सकें

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

धोखाधड़ी से दिव्यांग कोटा का लाभ हासिल करने की आरोपी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत मिल गई है। खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और यूपीएसी को नोटिस जारी किया है।

जवाब मांगा है। अब पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत पर 21 अगस्त को सुनवाई होगी। तब तक हाई कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि मौजूदा मामलों में तथ्यों पर गौर करते हुए अदालत का यह मानना है कि याचिकाकर्ता को सुनवाई की अगली तारीख तक गिरफ्तार न किया जाए। सुनवाई के दौरान, उच्च न्यायालय ने पुलिस और यूपीएससी से मामले में उनकी हिरासत की आवश्यकता बताने को कहा, क्योंकि यह दस्तावेज में गलत सूचना का मामला है और खेडकर 'व्यवस्था से छेड़छाड़ करने के लिए व्यवस्था में नहीं हैं'।

तथा कथित तौर पर उन्होंने अकेले ही अपराध किया। अदालत ने कहा कि आपको उनकी हिरासत की आवश्यकता क्यों है? मामला उनके द्वारा अपने फार्म में दिए गए झूठे बयान का प्रतीत होता है... ये सभी बातें उनके फॉर्म में ही हैं। इसमें किसी और के शामिल होने का सवाल ही कहां उठता है जिसके लिए उन्हें हिरासत में लेने की आवश्यकता होगी?

**PUBLIC ANNOUNCEMENT PURSUANT TO SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI") CIRCULAR NO. SEBI/HO/MRD/DSA/CIR/P/2016/110 DATED OCTOBER 10, 2016 ("EXIT CIRCULAR") FOR THE ATTENTION OF THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF CROWN TRADERSLIMITED**

**CIN:** U51909DL1984PLC019356
**Registered Office:** 2888, 2nd Floor, Hauz Quazi, Lal-Qua Bazaar, Sikri Walan, Hauz Qazi, Delhi-110006
**Email:** crowntraders1984@gmail.com, **Tel. No:** +91 011-23682636

This Exit Offer Public Announcement ("Exit Offer PA") is being issued by Mr. Amit Bansal son of Mr. Krishan Kumar Bansal, aged about 58 years and currently residing at R-7, R Block, Greater Kailash, New Delhi-110048 with PANAALPB3066E (**"Offering Promoter"**) one of the Promoter of M/s Crown Traders Limited **("the Company")**, on behalf of the Promoters of Crown Traders Limited, to provide an exit opportunity to the Public Shareholders of the Company in terms ofthe circular issued by Securities & Exchange Board of India ("SEBI") bearing no. SEBI/HO/MRD/DSA/CIR/P/2016/110 dated 10th October, 2016 and further amendments/circulars issued thereafter.

The equity shares of your Company were listed on the Delhi Stock Exchange Limited (DSE) and Vadodara Stock Exchange and then was later on shifted to the Dissemination Board ("DB") of BSE Limited ("BSE").

SEBI, vide the Exit Circular has stipulated the procedure for exit of Exclusively Listed Companies ("ELCs") from the DB. In terms of para (i) of Annexure A of the Exit Circular, the Promoter has appointed **Almondz Financial Services Limited, a Merchant Banker registered with SEBI**. Almondz Financial Services Limited, a 100% subsidiary of Almondz Global Securities Limited, has acquired its merchant banking registration from Almondz Global Securities Limited which was empaneled as an Expert Valuer on the panel of BSE. The said Independent Valuer, after taking into account the applicable valuation methodologies, has issued its valuation report dated August 12, 2024 and determined the fair value of One Equity Share of the Company as **INR (0.43) (Negative Indian Paisa Forty Three only).**

**Other Details:**

**Shareholding:** As on the date of this Exit Offer PA, the issued and paid up capital of the Company is 19,99,700 equity shares of Rs. 10 each aggregating to Rs. 1,99,97,000 (Rupees One Crore Ninety Nine Lakhs Ninety Seven Thousand only). Out of total paid up capital, Promoters collectively hold 7,06,657 Equity Shares representing 35.34% of the Paid-up Equity Share Capital and balance 12,93,043 Equity Shares representing 64.66% of the Paid-up Equity Share Capital are held by Public Shareholders. The Offering Promoter has undertaken to complete the exit obligation in terms of the Exit Offer.

Para (ii) of Annexure A to the said SEBI Circular states that in case the fair value of Equity Shares determined by the Independent Valuer is positive, the Promoter of the Company shall acquire the shares from the public shareholders by paying them such value as determined by the Independent Valuer.

In the present case, the fair value determined by the Independent Valuer being negative. The Offering Promoter will not acquire any shares from the public shareholders with no liability to make any payment to the said shareholders.

In view of the above, the Company will be making an application to BSE, requesting them to remove the name of the Company from the Dissemination Board of BSE. Further, the Company undertakes to redress the grievances of the public shareholders if any, in this regard.

This Exit Offer PA is available at the website of BSE at www.bseindia.com and on the website of Independent Valuer at www.almondzfinancial.com

**For and on behalf of Promoters of Crown Traders Limited**
**Sd/-**
**Amit Bansal**
**Offering Promoter**

**Place: Delhi**
**Date: August 13, 2024**

# INERTIA STEEL LIMITED

**("INERTIA"/ "ISL" / "TARGET COMPANY"/ "TC")**
**(Corporate Identification No. L51900MH1984PLC033082)**
**Registered Office: Shop No 155 Second Floor, Raghuleela Mall, Borsa Pada Road, Poiser Borivali West, Kandivali West, Mumbai, Maharashtra, India, 400067;**
**Phone No.: +91- 7030595007; Email id: contact@inertiasteel.com; Website: www.inertiasteel.com**

**Recommendations of the Committee of Independent Directors (IDC) on the Open Offer to the Shareholders of Inertia Steel Limited ("ISL" or the "Target Company") under regulation 26 (7) of the SEBI (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and subsequent amendments thereto ("SEBI (SAST) Regulations")**

| | |
|---|---|
| Date | 12.08.2024 |
| Name of the Target Company | Inertia Steel Limited |
| Details of the Offer pertaining to Target Company | Open Offer to acquire up to 31,14,488 Equity Shares of Rs. 10/- each representing 26.00% of the total equity and voting share capital of the Target Company, to be acquired by the Acquirers, at a price of Rs. 18.00/- per Equity share payable in cash in terms of Regulation 3(1) and Regulation 4 of the SEBI (SAST) Regulations, 2011. |
| Name(s) of the Acquirers | Mr. Karbhari Pandurang Dhatrak (Acquirer-1), Mrs. Jayashree Karbhari Dhatrak (Acquirer-2) and Mr. Chetan Karbhari Dhatrak (Acquirer-3) (Acquirer-1, Acquirer-2 and Acquirer-3 hereinafter collectively referred to as the "Acquirers") |
| Name of the Manager to the offer | Navigant Corporate Advisors Limited |
| Members of the Committee of Independent Directors ("IDC") | Chairman: Mr. Dhiren Ashok Bontra<br>Member: Mr. Jeny Vinod Kumar Gowadia |
| IDC Member's relationship with the Target Company (Director, Equity shares owned, any other contract/ relationship), if any | IDC Members are the Independent Directors of the Target Company. Neither Chairman nor Member of IDC holds any equity shares in the Target Company.<br>None of them have entered into any other contract or have other relationship with the Target Company. |
| Trading in the Equity shares/other securities of the Target Company by IDC Members | No trading has been done by the IDC Members in the equity shares/ other securities of the Target Company. |
| IDC Member's relationship with the acquirers (Director, Equity shares owned, any other contract / relationship), if any. | None of the IDC Members have any relationship with the Acquirers. |
| Trading in the Equity shares/other securities of the acquirers by IDC Members | Not Applicable |
| Recommendation on the Open offer, as to whether the offer, is or is not, fair and reasonable | The IDC Members believes that the Open Offer is fair and reasonable. However, the shareholders should independently evaluate the Offer and take informed decision in the matter. |
| Summary of reasons for recommendation | IDC recommends acceptance of the Open offer made by the Acquirers as the Offer price of Rs. 18.00/- per fully paid -up equity share is fair and reasonable based on the following reasons:<br>1. The Offer price appears to be reasonable considering book value & profitability of the Company.<br>2. The equity shares of the Target Company are infrequently traded shares within the meaning of explanation provided in Regulation 2(j) of SEBI (SAST) Regulations, 2011.<br>3. The offer price of Rs. 18.00/- per fully paid -up equity share offered by the Acquirers is equal to fair value of equity share of the Target Company which is Rs. 18/- (Rupees Eighteen only) as certified by Alpa N. Dhami, Independent Valuer, (Membership No. 102514), Proprietor of A. N. Dhami, Chartered Accountants, having their office situated at 503, Iccha Kutir, Vayudevyta Complex, Devidas Road, Borivali West, Mumbai-400103; Tel. No: +91 9819593929; Email: alpa.dhami@gmail.com vide valuation certificate dated June 03, 2024. (UDIN: 241014BKILGA6326).<br>Keeping in view above facts IDC is of opinion that Open Offer price is fair and reasonable and is in accordance with the relevant regulations prescribed in the Takeover Code and prima facie appear to be justified. |
| Details of Independent Advisors, if any. | None |
| Any other matter to be highlighted | No |

To the best of our knowledge and belief, after making proper enquiry, the information contained in or accompanying this statement is, in all material respect, true and correct and not misleading, whether by omission of any information or otherwise, and includes all the information required to be disclosed by the Target Company under the SEBI (SAST) Regulations.
Capitalized terms used in this announcement, but not defined, shall have the same meaning assigned to them in the PA, DPS and LOF.

**For Inertia Steel Limited**
**Sd/-**
**Mr. Dhiren Ashok Bontra**
**Chairman-Committee of Independent Directors**
**DIN: 09591605**

**Place: Mumbai**
**Date: 12.08.2024**

# धनलक्ष्मी बैंक को पहली तिमाही में आठ करोड़ रुपए का घाटा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

**यह आंकड़ा एक साल पहले इसी अवधि में 341 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक ने 306 करोड़ रुपए की ब्याज आय अर्जित की, जो एक साल पहले इसी अवधि में 289 करोड़ रुपए थी।**

धनलक्ष्मी बैंक को चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून तिमाही में उसे आठ करोड़ रुपए का घाटा हुआ है।

बैंक ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 28 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। धनलक्ष्मी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि 2024-25 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 338 करोड़ रुपए रह गई। यह आंकड़ा एक साल पहले इसी अवधि में 341 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक ने 306 करोड़ रुपए की ब्याज आय अर्जित की, जो एक साल पहले इसी अवधि में 289 करोड़ रुपए थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) पहली तिमाही में घटकर 4.04 फीसद रह गईं।

# 'जम्मू-कश्मीर का जीएसडीपी 7.5 फीसद की दर से बढ़ने का अनुमान'

श्रीनगर, 12 अगस्त (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में केंद्रशासित प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 7.5 फीसद की दर से बढ़ने का अनुमान है।

सिन्हा ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा, वित्त वर्ष 2024-25 में जम्मू-कश्मीर का जीएसडीपी 2,63,399 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2023-24 के जीएसडीपी की तुलना में 7.5 फीसद की वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष के बजट के बारे में कहा कि इस बार वित्तीय प्रावधानों का आकार पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 30,889 करोड़ रुपए अधिक है।

उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट का आकार 1,18,390 करोड़ रुपए है जो पिछले वित्त वर्ष के व्यय से 30,889 करोड़ रुपए अधिक है। उपराज्यपाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 98,719 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति और 19,671 करोड़ रुपए की पूंजीगत प्राप्ति का अनुमान है।

इसी के साथ राजस्व व्यय 81,486 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। सिन्हा ने कहा, पूंजीगत व्यय 36,904 करोड़ रुपए रखा गया है। जीडीपी में पूंजीगत व्यय का योगदान 14.01 फीसद है, जबकि कर-जीडीपी अनुपात 7.92 फीसद रहने का अनुमान है।

# तमिलनाडु के पूर्व मंत्री बालाजी को राहत नहीं, फैसला सुरक्षित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बालाजी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी एवं सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान मेहता ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता को जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि मुकदमे में देरी पूर्व मंत्री के कारण हो रही है। रोहतगी ने दलील दी कि बालाजी एक साल से अधिक समय से जेल में हैं और मुकदमे पर सुनवाई जल्द पूरी होने की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने बालाजी की ओर से कहा कि उस समय आरोप लगाया गया था कि मैं प्रभावशाली व्यक्ति हूं, लेकिन अब मेरे पास विभाग नहीं है। अभी मेरी सर्जरी हुई है। और क्या चाहिए? मद्रास हाई कोर्ट ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि यदि उन्हें इस तरह के मामले में जमानत पर रिहा किया गया तो इससे गलत संदेश जाएगा और यह व्यापक जनहित के खिलाफ होगा। हाई कोर्ट ने कहा था कि चूंकि याचिकाकर्ता आठ महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं, इसलिए विशेष अदालत को मामले का समय सीमा के भीतर निपटारा करने का निर्देश देना उचित होगा।

**EXIT OFFER PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS OF THE**

# MANGAL STEEL ENTERPRISES LTD.

Corporate Identity No: L27109WB1981PLC033969;
Registered Office: 248, G.T. Road (N), Salkia, Howrah-711106;
Tel. No.: +91-33-2655-8331/ 2655-8332/ 2655-8333/ 2655-7807; Fax: +91-33-2655-0468;
Email ID: msel@steelmangal.com; Website: https://www.steelmangal.com/index1.htm

This Exit Offer Public Announcement **("Exit Offer PA")** is being issued by Adarsh Garodia, member of the Promoter Group **("the Acquirer")** of Mangal Steel Enterprises Ltd **("MSEL"/"the Company")** to the remaining Public Shareholders **("Residual Public Shareholders")** of the Company consequent to the voluntary delisting of fully paid up equity shares of the Company having face value of Rs.10/- each **("Equity Shares")** from The Calcutta Stock Exchange Limited **("CSE")**, pursuant to Regulation 26 and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2021 **("SEBI Delisting Regulations")**.

This Exit Offer PA is in continuation to and should be read in conjunction with the Initial Public Announcement dated October 09, 2023 **("IPA")**, Detailed Public Announcement dated June 07, 2024 published on June 10, 2024 **("DPA")**, Letter of Offer dated June 10, 2024 **("LOF")** and Post Offer Public Announcement dated June 27, 2024 published on June 28, 2024 **("Post Offer PA")**. Undefined capitalized terms used but not defined in this Exit Offer PA shall have the same meaning assigned to them in the IPA, DPA, LOF and Post Offer PA.

**1. INTIMATION OF DATE OF DELISTING**

1.1 Following the closure of the Delisting Offer and in accordance with the SEBI Delisting Regulations, the Company had on July 04, 2024 applied for final approval for delisting of its equity shares from CSE.

1.2. CSE vide its letter reference no. CSE/LD/16324/2024 dated August 02, 2024 has informed that the equity shares of the Company have been delisted from CSE effective from August 05, 2024 **("Delisting Date")**. Delisting of the Equity Shares of the Company means that the equity shares will no longer be available for trading on CSE from the date of delisting.

**2. OUTSTANDING EQUITY SHARES AFTER DELISTING**

2.1 In accordance with Regulation 26 and other applicable provisions of SEBI Delisting Regulations, the Residual Public Shareholders of the Company who did not or were not able to participate in the Reverse Book Building Process or who unsuccessfully tendered the equity shares in the Reverse Book Building Process and are currently holding equity shares in the Company will be able to tender their equity shares to the Acquirer at a price of Rs.1,601/- per Equity Share **("Exit Price")** for a period of one year starting from the date of delisting i.e., from Monday, August 05, 2024 to Monday, August 04, 2025 (both days inclusive) **("Exit Period")**.

2.2 A separate exit letter of offer along with exit application form **("Exit Letter of Offer")** containing the terms and conditions for participation of the Residual Public Shareholders during the Exit Period shall be dispatched by the Acquirer to the Residual Public Shareholders whose names appears in the register of members as on Friday, August 09, 2024. The Residual Public Shareholders may tender their Equity Shares by submitting the required documents to the Registrar to the Exit Offer during the Exit Period as set out in Exit Letter of offer.

2.3. In the event the Residual Public Shareholders do not receive their Exit Letter of Offer, they may obtain a copy by writing to the Registrar to the Exit Offer with the envelope marked **"MSEL-EXIT OFFER"**. A soft copy of this Exit Letter of Offer along with Exit Offer Application Form can be downloaded from the website of the Company i.e. **https://www.steelmangal.com/index1.htm** or the website of the Manager to the Exit Offer i.e. **www.intelligentgroup.org.in/**.

**3. PAYMENT OF CONSIDERATION TO RESIDUAL PUBLIC SHAREHOLDERS**

Subject to fulfilment of the terms and conditions mentioned in the Exit Letter of Offer, the Acquirer intends to make payment on a monthly basis, within 10 working days at the end of the calendar month in which equity shares have been validly tendered **("Monthly Payment Cycle")** Payments will be made only to those Residual Public Shareholders who have validly tendered their equity shares by following the instructions as set out in the Exit Letter of Offer and Exit Offer Application Form. The Acquirer reserves the right to make payment earlier.

Any changes to the information set out in the Exit Offer Public Announcement or Exit Letter of Offer will be informed by the Acquirer to the Residual Public Shareholders by way of a Public Announcement.

If the shareholders have any query with regard to this Exit Offer, they may contact the Registrar to the Exit Offer or the Manager to the Exit Offer. All other terms and conditions of the Exit Offer as set forth in the IPA, DPA, LOF and Post Offer PA shall remain unchanged.

| iMM | abs |
|---|---|
| **Intelligent Money Managers Private Limited**<br>**CIN:** U65923WB2010PTC156220<br>2nd Floor, YMCA Building, 25, Jawaharlal Nehru Road, Kolkata-700087;<br>**Tel. No.:** +91-33-4065 6289;<br>**Email:** info@intelligentgroup.org.in;<br>**Website:** www.intelligentgroup.org.in/;<br>**Contact Person:** Mr. Amit Kumar Mishra;<br>**SEBI Registration No.:** INM000012169;<br>**Validity Period:** Permanent. | **ABS Consultants Private Limited**<br>**CIN:** U74140WB1991PTC053081<br>4, B. B. D. Bag (East), Stephen House, Room No. 99, 6th Floor, Kolkata - 700 001<br>**Tel. No.:** +91-33-2230 1043, +91-33-2243 0153;<br>**Fax:** +91-33-2243-0153;<br>**Email:** absconsultant99@gmail.com;<br>**Website:** https://www.absconsultant.in/;<br>**Contact person:** Mr. Uttam Chand Sharma;<br>**SEBI Registration Number:** INR000001286;<br>**Validity Period:** Permanent. |

**For and on behalf of Acquirer**
**Sd/-**
**Adarsh Garodia**

Date : August 12, 2024
Place:Howrah

## प्रपत्र जी

**रिवरबैंक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**परगना साउथ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में रियल एस्टेट विकास उद्योग में परिचालन**
**(दिवालियापन और दिवालियापन के विनियमन 36ए के उप-विनियमन (1) के तहत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवालियापन समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी नंबर के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | रिवरबैंक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड<br>पैन- AADCR7997K<br>सीआईएन - U70101WB2007PTC120037 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 1, न्यू बाटा रोड पी.ओ - बाटानगर, पी.एस- महेशतला, परगना साउथ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, भारत, 700140 |
| 3. | यूआरएल का वेबसाइट | https://hiland.in/ |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | कंपनी के पास "कलकत्ता रिवरसाइड" नाम से एक चालू परियोजना है, जो 1, न्यू बाटा रोड पी.ओ. - बाटानगर, पी.एस.- महेशतला, परगना साउथ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, भारत, 700140 पर स्थित है। |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | उपलब्ध नहीं है |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | परिचालन से राजस्व<br>(31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अनंतिम बैलेंस शीट के अनुसार) 5,485 लाख रुपये है |
| 7. | कर्मचारियों/कर्मचारियों की संख्या | कर्मचारियों की संख्या - 34 (03 अप्रैल 2024 तक) |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (शेड्यूल के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियों सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं: | https://hiland.in@ijCIRPVSc देखें या प्रासंगिक तिथियों और विस्तृत रुचि अभिव्यक्ति के लिए riverbankdpl@gmail.com पर ईमेल भेजें |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है | https://hiland.in@ ijCIRPVSc के अंतर्गत उपलब्ध रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) प्रक्रिया दस्तावेज देखें या Riverbankdpl@gmail.com पर ईमेल भेजें |
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 23 अगस्त 2024<br>(13 अगस्त 2024 से विस्तारित) |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 02 सितम्बर 2024 |
| 12. | अनन्तिम सूची पर आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 07 सितम्बर 2024 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 17 सितम्बर 2024 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजना के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 22 सितंबर, 2024 (पात्र पीआरए द्वारा गैर-प्रकटीकरण समझौते की प्राप्ति के अधीन) |
| 15. | समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि | 22 अक्टूबर 2024 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी संसाधित करें | Riverbankdpl@gmail.com |

*ऋणदाताओं की समिति द्वारा अनुसमर्थन के अधीन
**माननीय एनसीएलटी द्वारा सीआईआरपी समयसीमा के विस्तार/बहिष्कार के अनुमोदन के अधीन
नोट: संभावित समाधान आवेदकों, जिन्होंने आरपी द्वारा प्रकाशित दिनांक 29 जुलाई, 2024 के फॉर्म जी के अनुसार ईओआई प्रस्तुत किया था, को नए ईओआई प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

हस्ता/-
आशीष छावछरिया
(IBBI/IPA-001/IP-P00294/2017-18/10538)
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
रिवरबैंक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
ई: Riverbankdpl@gmail.com
आईबीबीआई के साथ पंजीकृत: ग्रांट थॉर्नटन यूनिट 1603 और 1604, इकोसेंटर, प्लॉट नंबर 4, स्ट्रीट नंबर 13, ईएम ब्लॉक, सेक्टर V, बिधाननगर, कोलकाता - 700091, ई: ashish.c@in.gt.com
एएफए वैध: 14.12.2024 तक

दिनांक: 13 अगस्त 2024
स्थान: कोलकाता